आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

REC Limited | आरईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AACR4512R3Z3

एसईसी-1/187(2)/2025/2253 **दिनांक: 22 अप्रैल, 2025**

लिस्टिंग विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051	**कॉर्पोरेट संबंध विभाग,** बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400 001
स्क्रिप कोड-REC LTD	**स्क्रिप कोड-532955**
Listing Department, National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, Bandra kurla Complex, Bandra (East), Mumbai-400 051	**Corporate Relationship Department,** BSE Limited 1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001
Scrip Code-REC LTD	**Scrip Code-532955**

विषय: कंपनी के निदेशक मंडल में परिवर्तन के संबंध में सूचना।

महोदय/ महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियम 30 और अन्य लागू विनियमों के साथ पठित अनुसूची III के प्रावधानों के अनुपालन में, यह सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ("एमओपी") ने आदेश संख्या 46/2/2019-आरई दिनांक 21 अप्रैल, 2025 के माध्यम से श्री जितेंद्र श्रीवास्तव, आईएएस (बीएच: 2000), संयुक्त सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय को आरईसी लिमिटेड ("आरईसी" /"कंपनी") के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ("सीएमडी") के रूप में भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव के पद और वेतन पर नियुक्त किया है, जो उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी है। तदनुसार, श्री जितेंद्र श्रीवास्तव ने 22 अप्रैल, 2025 को आरईसी के सीएमडी पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

इसके अलावा, श्री जितेंद्र श्रीवास्तव से प्राप्त घोषणा के अनुसार, उन्हें किसी सेबी आदेश या किसी अन्य ऐसे प्राधिकरण के आधार पर निदेशक का पद धारण करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

इसके अलावा, श्री जितेंद्र श्रीवास्तव के आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त होने पर, श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जिन्हें आरईसी के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, ने 22 अप्रैल, 2025 से कंपनी के सीएमडी का पद छोड़ दिया है, (अर्थात उनका इस पद पर कार्यकाल समाप्त हो गया है)।

उपरोक्त नियुक्ति/पदमुक्ति के संबंध में आवश्यक विवरण इसके साथ **अनुलग्नक-1** में संलग्न हैं।

यह आपकी जानकारी के लिए है।
धन्यवाद,

भवदीय,

Jyoti Shubhra Amitabh

(जे. एस. अमिताभ)
कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव

संलग्न : ऊपरोक्त अनुसार

क्र.सं.	विवरण	**श्री जितेंद्र श्रीवास्तव (डीआईएन: 06817799)**	**श्रीमती परमिंदर चोपड़ा (डीआईएन: 08530587)**
1	**परिवर्तन का कारण**	आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति।	आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के पद से निवृत्ति।
2	**नियुक्ति/पदमुक्ति की तिथि**	22 अप्रैल, 2025 से प्रभावी।	22 अप्रैल, 2025 से प्रभावी।
3	**नियुक्ति की अवधि**	श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, आईएएस (बीएच: 2000), संयुक्त सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय की आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति; जो भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव के पद और वेतनमान में, उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।	लागू नहीं
4	**संक्षिप्त विवरण**	श्री जितेंद्र श्रीवास्तव बिहार कैडर (2000 बैच) के एक आईएएस अधिकारी हैं और दो दशकों से अधिक की विशिष्ट सेवा वाले एक अनुभवी सिविल सेवक हैं। इन वर्षों में, उन्होंने भारत सरकार और बिहार सरकार में कई प्रमुख प्रशासनिक और नेतृत्वकारी पद संभाले हैं। श्री श्रीवास्तव ने जनवरी 2023 से पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया है। इससे पहले, उन्होंने गृह विभाग और लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) में बिहार सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया। उनकी तैनाती में वित्त, विद्युत क्षेत्र, शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्यभार/जिम्मेदारियाँ शामिल रही हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से अर्थशास्त्र में बी.ए. (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की है और कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से एमबीए (वित्त) भी किया है।	लागू नहीं
5	**निदेशकों के बीच संबंधों का प्रकटीकरण**	शून्य	लागू नहीं

****